# बिहार सरकार

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।

## कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमंडल, जमुई।

अशोक टाउन हॉल रोड, जमुई। पिनकोड– 811307, फोन नं0– 06345–222036 मो0 नं0–9473053950 E-mail I.D-jamuidfo@gmail.com


पत्रांक...................../ले0 दिनांक.........../................/2025

प्रेषक,

तेजस जायसवाल,"भा0व0से0"
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
जमुई वन प्रमंडल, जमुई।

I T प्रकोष्ठ

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2025–26 में जमुई वन प्रमण्डल अन्तर्गत अन्य कार्य/विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्य में आवश्यक सामाग्रियों के क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना का प्रकाशन।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है जमुई वन प्रमण्डल अन्तर्गत अन्य कार्य/विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्य में आवश्यक सामाग्रियों के क्रय निविदा के माध्यम से किया जाना है। तदआलोक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया गया है।

अनुरोध है कि अल्पकालीन निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार–पत्रों में श्वेत–श्याम में शीघ्र कराने की कृपा की जाए।

**अनु0– अल्पकालीन निविदा सूचना।**

विश्वासभाजन,
ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
जमुई वन प्रमंडल, जमुई।

**ज्ञापांक–** **दिनांक–**

**प्रतिलिपि–** जिला सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
जमुई वन प्रमंडल, जमुई।

**ज्ञापांक–** 894 **दिनांक–** 07/04/25

**प्रतिलिपि–** संयुक्त सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि निविदा से संबंधित निर्धारित प्रपत्रों एवं शर्तों को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाए।

07.04.2025.
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
जमुई वन प्रमंडल, जमुई।

बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।

**कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई**

वन भवन, कर्मा रोड, जमुई (बिहार), पिन नं0–824101

E-mail I.D-jamuidfo@gmail.com


## अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–01/2025–26

## निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्ते

1. निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं/निबंधित फार्म/प्रतिष्ठानों से निर्धारित विशिष्टताओं के सामग्रियों की आपूर्ति हेतु सीलबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा 25.04.2025 को 05:00 बजे अपराह्न तक वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई (बिहार) 811307 के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा शर्त एवं विहित प्रपत्र वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई कार्यालय से दिनांक 24.04.2025 को 5:00 बजे अपराहन् तक कार्य अवधि में रूपये 5000.00 (पाँच हजार मात्र) प्रति की दर से प्राप्त किये जा सकते है अथवा विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड़ कर सकते है। ऐसे निविदादाता जिनके द्वारा निविदा शर्त्त एवं प्रपत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड़ किये गये हो, वे प्रपत्र मूल्य के रूप में रूपये 5000.00 (पाँच हजार) का डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करेंगे। प्रपत्र का मूल्य अप्रत्यर्पणीय होगा। निविदाकर्त्ता **'तकनीकी निविदा' तथा 'वित्तीय निविदा' दो अलग–अलग लिफाफो में डालकर** एवं सीलबंद कर दोनों लिफाफो को एक अलग लिफाफे में डालकर सीलबंद करेंगे। तकनीकी निविदा के लिफाफे पर ''तकनीकी निविदा'' तथा उस पर अपना नाम–पता एवं निविदा का विज्ञापन संख्या अंकित करेंगे। उसी प्रकार 'वित्तीय निविदा' के लिफाफे पर ''वित्तीय निविदा'' लिखकर अपना नाम–पता एवं निविदा का विज्ञापन संख्या अकित करेंगे। मुख्य लिफाफा जिसके अन्दर तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा के दोनों सील बंद लिफाफे रहेंगे पर ''सामग्री आपूर्ति के लिए निविदा'' एवं निविदा का विज्ञापन संख्या अंकित कर अपना नाम– पता अंकित करेंगे। **तकनीकी तथा वित्तीय निविदा अलग–अलग सीलबंद लिफाफें में प्राप्त न होने पर निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**
3. प्राप्त निविदायों दिनांक 26.04.2025 को 03:00 बजे अपराह्न में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई के कार्यालय में सभी निविदाओं को निविदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। यदि कोई निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित नहीं होते है तब भी निविदा मान्य समझा जायेगा।
4. निविदा कालावधि निविदा निष्पादन की तिथि से एक साल के लिये होगा।
5. निविदाकर्त्ता अपनी निविदा के साथ अग्रधन के रूप में रूपये 2,00,000.00 (रूपये दो लाख मात्र) का डिमांड–ड्राफ्ट जो वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई के पदनाम से जमुई स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतेय हो, संलग्न करना होगा। सशर्त, त्रुटिपूर्ण अथवा बिना अग्रधन के प्राप्त होने वाले निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
6. आपूर्ति किये गये सामग्री पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सभी प्रकार के देय कर यथा आयकर जी.एस.टी. इत्यादि का भुगतान निविदाकर्त्ता द्वारा अर्पित दर में सम्मिलित होगा।

7. निविदाकर्त्ता द्वारा अर्पित दर में बिहार SOR में अंकित निर्देश (मिट्टी में Shrinkage इत्यादि) तथा सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये दिशा निर्देशां यथा **रॉयल्टी, मालिकाना फीस** एवं अन्य निर्देशो के अनुपालन में लागू अतिरिक्त भार सम्मिलित होगा।
8. निविदाकर्त्ता द्वारा सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन करना होगा।
9. निविदाकर्त्ता को वनों के क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार माँग किये जाने पर निर्धारित स्थल पर एवं मांग की गयी मात्रा में उच्च गुणवत्ता की सामगी आपूर्ति करनी होगी।
10. सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामग्रियों की आपूर्ति ली जाएगी एवं आपर्तिकर्त्ता को आपूर्ति के पश्चात् भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।
11. निविदादाता को आयकर विभाग से निबंधित होना चाहिए। निबंधन प्रमाण पत्र का स्व अभिप्रमाणित एवं विगत दो वर्षो यथा Assesment Year 2022-23, 2023-24, 2024-25 का वार्षिक रिर्टन की छाया प्रति संलग्न करना होगा।
12. निविदादाता को जी0एस0टी0 के अन्तर्गत निबंधित होना चाहिए। निबंधन प्रमाण पत्र एवं विगत दो तिमाही की अद्यतन रिटर्न की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना होगा।
13. निविदादाता को राज्य सरकार/निगम में विगत तीन सालों में निर्माण सामग्री आपूर्ति के कार्य का अनुभव संलग्न करना होगा।
14. निविदादाता का वार्षिक टर्न–ओवर कम से कम रूपये 50,00,000.00 (पच्चास लाख) होना चाहिए।
15. निविदादाता को राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किये गये हस्ताक्षर का नमूना संलग्न करना होगा।
16. निविदादाता को किसी सरकारी कार्यालय/विभाग द्वारा कृष्णचिन्हित न किये जाने/काली सूची में दर्ज न होने का धोषणा पत्र संलग्न करना होगा।
17. निविदादाता द्वारा आयकर निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर वार्षिक रटर्न,जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, दो तिमाही की अद्यतन जी0एस0टी0 रिटर्न, वार्षिक टर्न–ओबर, चरित्र प्रमाण–पत्र, राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षारित किये गये हस्ताक्षर का नमूना अथवा किसी सरकारी कार्यालय/विभाग द्वारा कृष्णचिन्हित न किये जाने का घोषणा पत्र तकनीकी निविदा में संलग्न न करने पर समर्पित निविदा को तकनीकी रूप से असफल घोषित किया जायेगा।
18. निविदादाताओं के वित्तीय निविदा का मूल्यांकन सभी सामग्रियों के आपूर्ति हेतु अर्पित किये गये अलग–अलग दरों में से जो निम्नतम होगा के आधार पर तय किया जाएगा। सामग्रियों के लिए अर्पित दरों में जमुई वन प्रमण्डल, जमुई तथा अन्य कार्य स्थलों तक परिवहन लागत एवं कंडिका 6 एवं 7 में अंकित सभी कर तथा अन्य फीस सम्मिलित होगी।
19. निविदाकर्त्ता अपनी निविदा में सभी सामग्रियों के लिए अलग–अलग एवं साफ–साफ अक्षरों में दर अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होना चाहिए। अंक एवं शब्दो में अंकित राशि में भिन्नता होने पर शब्द में लिखे गये राशि को अंतिम समझा जायेगा।

20. सफल निविदादाता आदेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर रूपये 1000.00 (रूपये एक हजार मात्र) का ननजुडिशियल स्टाम्प पेपर कार्यालय में जमा कर एकरारनामा करेंगे।

21. असफल निविदाकर्त्ता की अग्रधन राशि निविदा के अन्तिम निर्णय के दो सप्ताह के बाद लौटा दी जायेगी।

22. प्राप्त/स्वीकृत निविदा दर से कम दर पर बाजार में उसी गुणवत्ता की सामग्री सुलभ होने पर निविदाकार्त्ता को बाजार दर पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

23. यदि आपूर्तिकर्त्ता निविदा शर्त के किसी भी कंडिका के उल्लंधन अथवा सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय एवं मात्रा में नहीं करते है, तो आवश्यकतानुसार अन्य निविदाकार्त्ता से सफल निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दर (L1 दर) पर सामग्री की आपूर्ति अन्य आपूर्तिकर्त्ता L2, L3 से ली जा सकती है।

24. यदि आपूर्तिकर्त्ता निविदा शर्त के किसी भी कंडिका के उल्लंधन अथवा आदेशित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय एवं मात्रा में नहीं करते है, तो उनके निविदा को रद्द करने तथा जमा प्रतिभूति राशि को राज्यसात करने एवं कृष्णाचिन्हीत करनें का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

25. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति की गयी निम्न कोटि की अस्वीकृत सामग्री को आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति किये गये स्थान से तुरंत हटा लिया जायेगा। यदि आपूर्तिकर्त्ता उसे नहीं हटाते है तो वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई अथवा उनके प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उसे हटवा दिया जायेगा और उसके हटवाने पर जो खर्च होगा उसे आपूर्तिकर्त्ता के प्रतिभूमि राशि से वसूल किया जायेगा। आपूर्तिकर्त्ता को इस कार्य से होने वाली क्षति की जिम्मेवारी विभाग पर नहीं होगी।

26. सामग्रियों की आपूर्ति की गुणवत्ता एवं मात्रा के संबंध में किसी प्रकार के विवाद का निर्णय समिति द्वारा किया जायेगा। जिसके सदस्य वरीय वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं संबंधित वन क्षेत्र पदाधिकारी रहेंगे। समिति द्वारा लिया गया निर्णय यदि आपूर्तिकर्त्ता को मान्य नहीं होगा तो वैसी स्थिति में अंतिम निर्णय वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई द्वारा किया जायेगा।

27. सामग्री की आपूर्ति केवल निविदाकर्त्ता के द्वारा ही की जायेगी।

28. निविदा प्रपत्र में निविदाकर्त्ता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तो का पढ़ा/पढ़वाया और समझ लिया है तथा वे निविदा की सभी शर्तो को स्वीकार करते है।

29. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदा को अस्वीकृत कर दें।

30. निविदा शर्त/प्रपत्र में निविदाकर्त्ता सभी शर्तो को स्वीकार करते हुए सभी पृष्ठों पर अपना हस्ताक्षर करेंगे।

31. उक्त निविदा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परितर्वन विभाग, बिहार सरकार द्वारा योजनाओं की स्वीकृति पर निर्भर करेगा। जमुई वन प्रमण्डल अन्तर्गत नई अन्य कार्य/विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्य की योजना स्वीकृति होने के उपरांत आवश्यक सामाग्रियों का आपूर्ति ली जायेगी।

32. यह निविदा विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्यों के लिए निर्माण से संबंधित के आपूर्त्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 तक (निविदा कालावधि निविदा निष्पादन वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये ) अधिरोपित शर्तें पर मान्य होगा।

33. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र जमुई होगा।

07.04.2025.

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
जमुई वन प्रमण्डल।

07/04/25

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।
**कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई**
वन भवन, कर्मा रोड, जमुई (बिहार), पिन नं0–824101
E-mail I.D-jamuidfo@gmail.com

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–01 / 2025–26

## वित्तीय निविदा फार्म

| Sl. No | Name of Construction material | | Rate inclusive of all taxes and Transportation | | Unit |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | In Digits | In Words | |
| 1 | Stainless steel sections of different sections | | | | |
| | 304 grade | | | | kg |
| 2 | Mild steel Fe 500 grade tor steel conforming to related IS codes and releveant BIS/IRC/MORTH&H specifications for reinforcement in RCC. (Tata Tiscon or Jindal steel) | | | | |
| | TMT Fe500- 12mm dia | Tata/Tiscon | | | MT |
| | | Jindal | | | MT |
| | TMT Fe500- 10mm dia | Tata/Tiscon | | | MT |
| | | Jindal | | | MT |
| | TMT Fe500- 08mm dia | Tata/Tiscon | | | MT |
| | | Jindal | | | MT |
| 3. | **Civil Construction Materials** | | | | |
| A | a) Coase Sand ( Nardiganj Sand) | | | | cum |
| | b) Local fine sand for filling | | | | Cum |
| | c) Local sandy soil for filling | | | | Cum |
| | d) Local good earth for filling in lawn & garden | | | | cum |
| B | **Graded stone aggregate conforming to IS codes and relevant BIS/IRC/MoRTH & H Specification (From Domchach)** | | | | |
| | a) 20mm nominal size (From Domchach) | | | | cum |
| | b)10mm nominal size(From Domchach ) | | | | Cum |
| C | Designation 100A Bricks Conforming to IS codes and relevant BIS/IRC/MoRTH & H Specifications | | | | Per 1000 |
| | Fly ash bricks conforming to IS codes and relevant BIS/IRC/MoRTH & H Specifications | | | | Per 1000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| D | Portland pozzolana cement (P.P.C) of Ultratech Premimum, ACC F2R | Ultratech Premimum | | | Per Bag |
| | | ACC F2R | | | Per Bag |
| | Portland Slag Cement (P.S.C) of Ultratech Premimum, ACC F2R | Ultratech Premimum | | | Per Bag |
| | | ACC F2R | | | Per Bag |
| 4 | Kota Stone 600mm x 600mm x 30mm | | | | Sqm |
| | Kota Stone 300mm x 300mm x 30mm | | | | Sqm |
| 5 | Vitrified Tiles 600mm x 600mm x 10mm(Kajaria/Johnson/Somani/Nitco) | | | | Sqm |
| | Vitrified Tiles 800mm x 800mm x 10mm(Kajaria/Johnson/Somani/Nitco) | | | | Sqm |
| | Vitrified Tiles 300mm x 300 mm x 10mm(Kajaria/Johnson/Somani/Nitco) | | | | Sqm |
| 6 | Ceramic Floor Tiles 600mm x 600mm x10mm(Kajaria/Johnson/Somani/Nitco) | | | | Sqm |
| | Ceramic Floor Tiles 800mm x 800mm x 10mm (Kajaria/Johnson/Somani/Nitco) | | | | Sqm |
| | Ceramic Floor Tiles 300mm x 300mm x 10mm (Kajaria/Johnson/Somani/Nitco) | | | | Sqm |
| 7 | **18mm thick Polished Granite stone** | | | | |
| | Red Polished | Rajsthan | | | Sqm |
| | Z-Black Polished | Rajsthan | | | Sqm |
| | Grey polished | Rajsthan | | | Sqm |
| | Flame Finish | Rajsthan | | | Sqm |
| 8 | MS structural steel section i/e flat, angle, Tee, I-Section, H-Section bar etc. Steel Joist, SteelChannel, Steel angles, Steel Flats and Square bars etc. (Conforming to IS codes and relevant BIS/ IRC/ MORTH&H Specifications) | TATA TISCON | | | MT |
| | | JINDAL | | | MT |
| 9 | G.I. chain link fabric fencing of required width in mesh size 50x50 mm including strengthening with 2 mm dia wire or nuts, bolts and washers as required | - | | | Sqm |
| 10 | G.I. wire of dia. 4 mm, PVC coated to achieve outer dia not less than 5 mm in required colour and shade. | - | | | Sqm |
| 11 | Interlocking C.C (Cement Coneretc) White paver | | | | |
| | 80mm thick M35 grade | Tested | | | Sqm |
| | 60mm thick M35 grade | Tested | | | Sqm |
| 12 | Interlocking C.C (Cement Concrete) coloured paver | | | | |
| | 80mm thick M35 grade | Tested | | | Sqm |
| 13 | Seasoned sawned wood in size | | | | |
| | Sal | Tested | | | Cum |
| | Shishum | Tested | | | Cum |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Moorum 5 to 10mm | Tested | | | cum |
| 15 | Colour Coated Profile Sheet | | | | Sqm |
| | 0.52 mm | Tata | | | Sqm |
| 16 | Wall Putti | JK/Birla | | | Kg |
| 17 | Premium Acrylic Smooth Exterier Paint | Asian Paints/ Burger Paint/ Nerolac and Equivalent Brand | | | |
| 18 | First Quality Acrylic Emulsion Paint | | | | Ltr |
| 19 | Iron Primer | | | | Ltr |
| 20 | Enamel Paint | | | | Ltr |

( * Note :- Quantity of material mentioned above is tentative, it may Increase or Decrease as per Requirement)

The rates quoted by me are for Jamui Forest Division, Jamui (Bihar) for the one year and I agree to pay all Government taxes like Income Tax, G.S.T etc.

Your's Faithfully

Name - .....................

Address - ..................
Mobile No- ................

अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–01 / 2025–26

## घोषणा–पत्र

मैं ........................................................................ पिता का नाम ....................................................

ग्राम ............................................. पो0 ...................................................... थाना ...........................

जिला ...................................................... घोषणा करता हूँ कि मैंने ...................................................

........................................................................... (विभाग / कार्यालय का नाम ) में .........................

................................................... से ........................................ अवधि तक के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति का कार्य किया है / था तथा उस विभाग / कार्यालय अथवा किसी भी कार्य के लिए किसी सरकारी विभाग / कार्यालय द्वारा मुझे कृष्णचिन्हित (Black Listed) नहीं किया गया है।

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर,

तिथि ...............................

# बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।

## कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई

अशोक टाउन हॉल रोड, जमुई। पिनकोड– 811307, फोन नं0– 06345–222036

E-mail I.D-jamuidfo@gmail.com


## अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–01/2025–26

## तकनीकी निविदा फार्म

1. निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ता का नाम एवं पूरा पता दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर के साथ (प्रमाण हेतु आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें) :–
   ..........................................................................................................................................
2. निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ता के प्रतिष्ठान का नाम एवं पूरा पता दूरभाष संख्या के साथ :– (प्रमाण हेतु आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें)
   ..........................................................................................................................................
3. जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या (विभाग का निबंधन प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति सलग्न) :–
   ..........................................................................................................................................
4. आयकर विभाग से निबंधन संख्या ( PAN की अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न) :– ..................................
5. आयकरदाता होने का विगत तीन साल का प्रमाण–पत्र (Assesment Year 2022-23, 2023-24, 2024-25 के रिर्टन की प्रति संलग्न करें ) :– ..........................................................................................
6. जी0एस0टी0 भरें जाने का विगत दो क्वॉटर का प्रमाण–पत्र (रिर्टन की प्रति संलग्न करें):– ..................
7. कार्य का अनुभव :– ................................................................
8. वार्षिक टर्न ओवर विगत साल (रू0 50,00,000.00 (पच्चास लाख) से अधिक प्रतिवर्ष टर्न ओवर :–
   ..........................................................................................................................................
9. यदि निविदा किसी फर्म द्वारा दिया गया है तो पार्टनरशिप डीड की छाया प्रति/फर्म द्वारा प्राधिकृत करने का पत्र :– ..........................................................................................................
10. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न :– ................
11. सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदादाता का नाम दर्ज न होने संबंधी घोषणा पत्र :– ..........................................................................................................................
12. अग्रधन का पूर्ण विवरण :–

| बैंक ड्राफ्ट संख्या | दिनांक | निर्गत बैंक का नाम | कुल राशि |
|---|---|---|---|
| | | | |

13. प्रपत्र का मूल्य–रसीद संख्या/बैंक ड्राफ्ट संख्या :–

**नोट :– अनुलग्नक**

(i) आयकर रिटर्न की प्रति।
(ii) Balance Sheet Showing turnover,
(iii) 2,00,000/– (दो लाख) रूपये का बैंक ड्राफ्ट।
(iv) कार्य का अनुभव।
(v) जी0एस0टी0 (विभाग का निबंधन प्रमाण पत्र एवं रिटर्न)
(vi) काली सूची में नाम दर्ज न होने का प्रमाण पत्र।
(vii) चरित्र प्रमाण–पत्र की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति।

स्थान : ...............................
दिनांक : ...............................

निविदादाता का हस्ताक्षर
पूरा नाम –
पता –
मोबाईल नम्बर–
ई–मेल –

# बिहार सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।

## कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई

अशोक टाउन हॉल रोड, जमुई। पिनकोड– 811307, फोन नं0– 06345–222036
E-mail I.D-jamuidfo@gmail.com

## अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–01/2025–26

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम पता | वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई । |

| क्र0सं0 | विवरणी | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र की बिक्री की आरंभ तिथि एवं समय | दिनांक 21.04.2025 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से कार्य अवधि तक। | कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई (बिहार) |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 24.04.2025 को 5:00 बजे अपराह्न् तक कार्य अवधि में। | |
| 3. | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 25.04.2025 को 5:00 बजे अपराह्न तक | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी एवं वित्तीय) | दिनांक 26.04.2025 को 03:00 बजे अपराह्न् | |

| क्र0सं0 | कार्य/सामग्री का विवरण | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जमुई वन प्रमण्डल अन्तर्गत अन्य कार्य/विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्य में आवश्यक सामाग्रियों यथा **Brick 100A, Fly Ash Brick, Stone Chips, Coarse Sand, Local Sand,Cement, Steel TMT, mS Structure Steel, Stainless Steel 304 Grade, Wall Putti, Premium Acrylic Smooth Exterior Paint, Enamel Paint, Iron and Wooden Primer, First Quality Acrylic Emulsion Paint, Oil Bound distemper (OBD), Colour Coated Profile Sheet, Paver Block, Kota Stone,** G.I. chain link **Vitrified Floor/Wall Tiles, Murram, GSB Grade-1, Granite, Seasoned Sal Wood** की आपूर्ति। | 5000.00 (रूपये पाँच हजार मात्र) | 2,00,000.00 (रूपये दो लाख मात्र) |

वन प्रमण्डल अन्तर्गत विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्यो के लिए निर्माण से संबंधित सामग्री का क्रय किया जाना है। निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं/निबंधित फर्म/ प्रतिष्ठानों से निर्धारित विशिष्टताओं के सामग्रियो की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 25.04.2025 को 05:00 बजे अपराह्न तक वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई, अशोक टॉउन हॉल के नजदीक, जमुई (बिहार) 811307 के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। दिनांक–26.04.2025 को तकनीकी एवं वित्तीय निवदायें निर्धारित तिथि में जमुई वन प्रमण्डल, जमुई के निविदा समिति के समक्ष जमुई वन प्रमण्डल, जमुई के कार्यालय में सभी निविदाओं को निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदाताओं के लिए प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 24.04.2025 को 5:00 बजे अपराह्न् तक कार्यालय अवधि में रूपये 5000.00 (पाँच हजार मात्र) का शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र में आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति की जानेवाली सामग्रियों की दर अंकित करते हुए अग्रधन के रूप में रूपये 2,00,000/– (दो लाख मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई के पदनाम से जमुई स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमुई वन प्रमण्डल, जमुई का कार्यालय दूरभाष संख्या 06345–222036 पर तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के वेबसाईट *ww.forest.bih.nic.in*या*www.prdbihar.gov.in*पर संपर्क किया जा सकता है।

07.04.2025

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
जमुई वन प्रमण्डल।